
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अब आसानी से उपलब्ध हो पाएगी कृषि की नवीन तकनीकी जानकारी

**शुभारंभ**

## मुख्यमंत्री ने मानूबांस में किया ''रबी कृषक महोत्सव –2021'' का शुभारंभ

**संवाददाता**

देहरादून/हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मानूबांस, हरिद्वार में "रबी कृषक महोत्सव – 2021" के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने किसानों को बीज, उर्वरक आदि की जानकारी देने के लिए लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लाभार्थी कृषकों को चेक एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये।



**मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएंः**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि हरिपुर टोंगिया को राजस्व ग्राम बनाया जायेगा। ग्राम टांडा हसन में नदी पर पुल का निर्माण किया जायेगा। ग्राम रिठौरा में नदी पर पुल का निर्माण किया जायेगा। लालवाला दाबूबांस में पुल निर्माण किया जायेगा। बुग्गावाला में डिग्री कॉलेज की स्थापना की जायेगी। मानूबांस में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जायेगी। ग्राम इब्राहिमपुर मसाई में इंटर कॉलेज की स्थापना की जायेगी। बुग्गावाला में विकासखण्ड की स्थापना के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य के लिए विशेष योगदान देने वाले महानुभावों को उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है। हम सम्मानित करने के लिए कोई राजनीति नहीं करते जिसका उदाहरण स्वर्गीय श्री नारायण दत्त तिवारी जी हैं, जिनको मरणोपरांत उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से नवाजा है।

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि युवा राज्य के युवा मुख्यमंत्री उत्साह और उमंग के साथ प्रदेश के विकास हेतु कार्य कर रहे है। निश्चित रूप से धामी सरकार के कार्यों से पूरे प्रदेश की जनता लाभान्वित हो रही है। केंद्र में मोदी सरकार किसानों की आर्थिकी को मजबूत कर रही है और किसान सम्मान निधि के माध्यम से पूरे देश के किसानों को सहायता मिल रही है।

कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी लगातार प्रदेशवासियों की समस्याओं का समाधान कर रहे है। सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। आने वाले कुछ दिनों में गन्ना किसानों के लिए एक खुशखबरी दी जायेगी।

## न्यूज डायरी

### ईओ से अभद्रता पर पालिकाध्यक्ष विजय व सभासद मोहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता** चम्पावत। नगर पालिका कार्यालय गुरुवार को अखाड़े का अड्डा बन गया। पालिकाध्यक्ष व ईओ ने एक दूसरे पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। दोनों में विवाद इतना बढ़ गया है कि एक दूसरे ने अपनी–अपनी तलवारें तान दी है। बाद में ईओ ने सभासद व पालिकाध्यक्ष पर अभद्रता करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हुआ यूं की बीती नौ नवंबर को पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा ने बोर्ड बैठक के लिए सभी सभासदों व अधिकारियों को सूचित करने के लिए ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी को आदेशित किया था। आदेश के तहत गुरुवार को बोर्ड बैठक होनी थी लेकिन बैठक तक किसी भी सभासद के पास बैठक की सूचना नहीं पहुंची।

### यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूरज प्रहरी ने भी चम्पावत सीट से की दावेदारी

**संवाददाता** चम्पावत। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही विभिन्न राजनीतिक दलों से दावेदारी करने वालों के नाम भी सामने आने लगे हैं। चम्पावत पहुंची कांग्रेस की जिला प्रभारी एवं राजस्थान के सवाई माध ोपुर से विधायक इंदिरा मीणा के सम्मुख यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य सूरज प्रहरी ने भी टिकट की दावेदारी की है। गुरुवार को उन्होंने मीणा को विधान सभा सीट चम्पावत से दावेदार के रूप में आवेदन पत्र सौंपा। इससे पूर्व प्रहरी ने पार्टी जिलाध्यक्ष पूरन कठायत ने भी दावेदारी का आवेदन सौंपा।

### अमेजन पे ने अपना नया अभियान अब हुआ आसान लॉन्च करने की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन पे ने एक डिजिटल विज्ञापन अभियान अब हर दिन हुआ आसान को लॉन्च करने की घोषणा की है जो प्लेटफॉर्म पर डिजिटल भुगतान की सुविधा और सुरक्षा एवं पूरे भारत में लाखों ग्रहाकों पर इसके सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करता है यह अभियान एक डिजिटल फिल्म के साथ शुरू होता है जो सभी पीढ़ियों के बीच पैसे और विभिन्न कारोबारी गतिविधियों के विकास नकदी से डिजिटल बनने का जश्न मनाता है यह आगे दिखाता है कि कैसे अमेजन पे का उपयोग किसी को भी कहीं भी आसानी से और तुरंत भुगतान करने के लिए किया जा सकता है। इस अभियान के बारे में बोलते हुए महेंद्र नेरुरकर सीईओ और वीपी अमेजन पे इंडिया ने कहा पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है।

## मृतक कर्मियों के स्वजन को नहीं मिला मुआवजा तो होगा घेराव

**संवाददाता** रुड़की। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) अंबावत ने 16 नवंबर को टोल प्लाजा के घेराव का एलान किया है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मृतक कर्मचारियों के स्वजन को मुआवजा एवं नौकरी नहीं मिली तो अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

गुरुवार को रामपुर चुंगी स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय महासचिव नितिन चौधरी ने कहा कि टोल प्लाजा के मृतक कर्मचारी को लेकर कुछ किसान संगठन राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाकियू अंबावता इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन मृतक परिवार के साथ है और उसे 25 लाख रुपये मुआवजा और नौकरी की मांग की गई है। 16 नवंबर को संगठन के कार्यकर्त्ता टोल प्लाजा पहुंचेंगे और प्लाजा अधिकारियों से वार्ता करेंगे। अगर मांगें नहीं मानी गई तो टोल प्लाजा पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा 10 दिसंबर को नोएडा गौतमबुद्ध नगर में किसान महापंचायत होगी, जिसकी तैयारियों को लेकर जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष रुड़की में पहुंचकर किसानों के साथ बैठक करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष सुभाष नंबरदार ने कहा कि कुछ लोग किसान संगठनों के नाम पर अपनी गलत राजनीति चमकाने का काम कर रहे हैं। इस प्रकार के व्यक्तियों विरोध किया जाएगा। गुर्जर महासभा संयुक्त किसान मोर्चा के साथ है।



## 20 नवंबर को मूनाकोट से शुरू होगी शहीद सम्मान यात्रा

**संवाददाता** पिथौरागढ़। प्रदेश की राजधानी देहरादून में सैनिकों के सम्मान हेतु राज्य सरकार द्वारा पांचवा धाम सैन्यधाम का निर्माण किया जा रहा है। सैन्यधाम के निर्माण में प्रत्येक शहीद के परिवार से मिट्टी ली जा रही है वीर शहीदों को सम्मान मिले इस हेतु प्रत्येक शहीद परिवार के घर से पवित्र मिट्टी को कलश में प्राप्त कर शहीद धाम देहराइन में ले जाया जाएगा। पिथौरागढ़ में सभी तहसीलों के अंतर्गत कुल 232 शहीदों के घर से कलश में मिट्टी लाने का कार्य किया जा रहा है। शहीदों के सम्मान हेतु आगामी 20 नवंबर से जनपद पिथौरागढ़ के विकास खंड मूनाकोट के झौलखेत मैदान से शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

## राजनीति में नया इतिहास लिखेगा उत्तराखंड का आगामी चुनावः रावत

**संवाददाता** हल्द्वानी। पूर्व सीएम हरीश रावत ने 2022 के विधानसभा चुनाव को उत्तराखंड व देश की राजनीति में नया इतिहास लिखने वाला बताया है। जिस तरह 2002 में नवोदित उत्तराखंड राज्य में परचम लहराने के साथ कांग्रेस राज्य–दर–राज्य जीतती चली गई और 2004 में केंद्र में यूपीए के नेतृत्व वाली सरकार बनी। दो दशक बाद इतिहास खुद को दोहराने जा रहा है। प्रदेश की जनता 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी जनता

हरीश रावत पूर्व कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य व उनके बेटे संजीव आर्य के कांग्रेस में वापसी के स्वागत में गुरुवार को हल्द्वानी रामलीला मैदान में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित कर रहे थे। हरदा ने कहा गरीबों की सरकार कहकर सत्ता में आई भाजपा ने केवल जुमले दिए। प्रदेश के लोगों के पास गोल्डन कार्ड, आयुष्मान कार्ड हैं लेकिन इलाज नहीं मिल रहा। गोल्डन कार्ड के नाम पर कर्मचारियों, पेंशनरों से वसूली की जा रही। कांग्रेस के सत्ता में आते ही गोल्डन कार्ड को बंद कर, कटौती की धनराशि खातों में रिफंड कराई जाएगी। कांग्रेस सरकार की जनहित की योजनाओं को फिर से लागू कराएंगे।

हरीश रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने 32 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी। भाजपा ने बेरोजगारी देने का काम किया है। हरदा ने कहा कि भाजपा सरकार अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में सरकारी नौकरी पाने वाले 3200 लोगों का नाम बात दें, हरीश रावत राजनीति छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के पहले वर्ष में ही सभी रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हम राज्य को रोजगार मूलक उदाहरण बनाएंगे। हरदा ने कहा, अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में राज्य की औसत आय को हमने 73 हजार सालाना से 1.75 लाख में बदला। इस बार सरकार बनने पर पांच वर्ष में इसे 3.50 लाख पर लेकर जाएंगे।

## दूसरा उत्तराखंडी महाकुंभ राजधानी दिल्ली में 21 नवंबर को होगा, तैयारियां जोरों पर

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी दिल्ली में लगातार दूसरे साल भव्य स्तर पर उत्तराखंडी महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इसका आयोजन 21 नवम्बर को दिल्ली के रास विहार मैदान में किया जाएगा। उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच, उत्तराखंड एकता मंच और भुम्याल विकास मंच की पहल पर दूसरा उत्तराखंडी महाकुंभ होने जा रहा है। समाजसेवी और लोक कला भाषा साहित्य मंच के संरक्षक डॉक्टर विनोद बछेती ने बताया कि गढ़वाली, कुमाउनी भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने के लिए केंद्र सरकार को दुबारा एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। लगभग दस हजार लोगों के हस्ताक्षर से युक्त होगा। महाकुंभ को कामयाब बनाने के लिए साहित्यकार, समाजसेवी लगातार बैठक भी आयोजित कर रहे हैं। कुल मिलाकर महाकुम्भ का मकसद है उत्तराखंडी संस्कृति, साहित्य एवं लोककला से लोग रूबरू हों। उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच के दिनेश ध्यानी ने बताया कि महाकुंभ की तैयारियां जोरों पर है।